जड़ी-बूटियों की खोज के लिये एक संस्थान की स्थापना

1758. **श्री मनोहर कांत ध्यानी:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या जड़ी-बूटियों की खोज और उनके तत्वों से औषधियों के निर्माण के लिये उत्तर प्रदेश के पर्वतीय जिलों में कोई संस्थान कार्य कर रहा है;

(ख) क्या सरकार उत्तर प्रदेश के चमोली जनपद में, जो कि उद्योग-विहीन जनपद है, ऐसा एक संस्थान स्थापित करने का विचार रखती है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रेणुका चौधरी): (क) से (ग) औषधीय जड़ी बूटियों पर अनुसंधान करने और दवाइयों के विनिर्माण हेतु चमोली जिले सहित उत्तर प्रदेश के पहाड़ी जिलों में काओपरेटिव ड्रग फैक्ट्री, रानीखेत; इंडियन मेडिसंस फार्मास्यूटिकल कारपोरेशन लिमिटेड, मोहान; जड़ी-बूटियों शोध एवं विकास संस्थान, गोपेश्वर (चमोली); इंडियन इस्टिट्यूट आफ आयुर्वेदा एंड ड्रग रिसर्च (सी सी आर ए एस, भा०चि०प०एनं०होम्यो० विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय), ताड़ीखेत, रानीखेत और गवेंन्मेंट फार्मास्यूटिकल लैबोरेटरी रानीखेत जैसे कुछ संस्थान/संगठन पहले से ही है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

स्वास्थ्य केन्द्र/अस्पताल खोलने के लिये मानदंड

1759. **श्री मनोहर कांत ध्यानी:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश के विभिन्न भागों में स्वास्थ्य केन्द्र/अस्पताल खोलने के लिये कोई मानदंड निर्धारित किये गये हैं;

(ख) क्या पर्वतीय क्षेत्रों, अल्प-विकसित, पिछड़े और दुर्गम क्षेत्रों को इन मानदंडों में कोई छूट दी गई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रेणुका चौधरी): (क) से (ग) जनसंख्या मानदंडों (1991 जनगणना) के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने संबंधी मानदंड इस प्रकार हैं:—

केन्द्र	जनसंख्या मानदंड	
	मैदानी क्षेत्र	पहाड़ी/आदिवासी क्षेत्र
उप केन्द्र	5000	3000
प्रा०स्वा०के०	30000	20000
सामु०स्वा०के०	80000 से 120000	

Education Regarding Prevention of AIDS

1760. SHRI RAJUBHAI A. PARMAR:
SHRI SUSHILKUMAR SAMBHAJIRAO SHINDE:
SHRIMATI VEENA VERMA:
Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether education regarding deangers, about the ways to avoid and prevent spread of AIDS at a specific age *(Adolescence)* is one of the most effective means for preventing and containing AIDS; and

(b) if so, what steps have been taken, so far, to impart such education at a proper stage?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY): (a) and (b) Yes, Sir. The Government is promoting AIDS Education in Schools. Eighteen states/Union Territories are implementing pilot projects on AIDS Education in Secondary Schools through the State Councils of Educational Research and Training. Besides, various State Governments are training teachers and informally conducting AIDS awareness activities for school students. National AIDS Control Organisation has also taken awareness generation activities for University students through the Universities Talk AIDS programme and the National Social Service. Non Governmental Organisations have also been supported for awareness programme in college and Universities.